भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 30.05.2022

आरेडिका में बांग्लादेश के रेलमंत्री ने किया दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक 30.05.2022 को बांग्लादेश के माननीय रेलमंत्री मो. नूरूल इस्लाम सुजान एवं एडीजी (ऑपरेशनस्) बांग्लादेश सरदार शहादत अली ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान बांग्लादेश के उच्चायुक्त एवं उच्च प्रतिनिधि मण्डल ने भी आरेडिका में तैयार हो रह कोचों का निरीक्षण किया।

ज्ञात हो कि राइट्स के माध्यम से आरेडिका विदेशों में कोचों का निर्यात कर रहा है , इसी कडी में बांग्लादेश का एक उच्च प्रतिनिधिमंडल ने आज दिनॉक 30.05.2022 को एमसीएफ का दौरा किया। उपरोक्त प्रयासों को साकार रूप प्रदान करने लिए आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने बांग्लादेश के रेलमंत्री एवं उच्च प्रतिनिधि मण्डल को आरेडिका में चल रही विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रोद्योगिकी के बारे में, एमसीएफ पर बनी कॉरपोरेट फिल्म एवं प्रजेंटेशन के द्वारा अवगत कराया।

बांग्लादेश के रेलमंत्री एवं अन्य प्रतिनिधि मण्डल ने आरेडिका के कोचों की तकनीकी, डिजाइन एवं गुणवत्ता देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर माननीय रेलमंत्री ने बताया कि भारत से बांग्लादेश का संबंध बहुत पुराना है तथा भारत के सहयोग से ही बांग्लादेश का पुनर्जन्म हुआ था। बांग्लादेश में ब्राडगेज तथा मीटर गेज के विभिन्न वैरियंट के लिए कोचों के साथ साथ कन्टेनर वैगन एवं एमजी टूरिस्ट कोचों की भी आवश्यकता है जिसे वे अपने पडोसी देश भारत की मदद से पूरा करना चाहते है। इसके साथ ही साथ बांग्लादेश में रेलवे के इंफरास्ट्रचर को विकसित करने के लिए भारत के सहयोग की अपेक्षा भी की।

इस अवसर पर डा. अतीकुल हक, मिनिस्टर (कामॉर्सियल) बांग्लादेश, मो. शाफि उल आलम, काउंसलर (पालिटकल), बांग्लादेश हाई कमीशन, श्री राहुल मिथाल सीएमडी राइट्स श्री एके सिंह जीएम/एक्सपोटेक, ग्रीन वर्ल्ड सोल्यूशन लिमिटेड ढाका बांग्लादेश की अध्यक्षा श्रीमती निहाद कबीर, एमडी मो. दिदारूल हक खान, डायरेक्टर मो.अल्तमश कबीर और आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन.डी.राव, पीएफए श्री जेएन पाण्डेय, श्री आर के एम पासी, सीडब्लयू ट्रेनसेट, सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

30/5/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी